कार्यालय प्राचार्य, नवीन शासकीय महाविद्यालय रनहत

OFFICE OF THE PRINCIPAL, NAVEEN GOVERNMENT COLLEGE RANHAT

जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

DISTRICT BALRAMPUR-RAMANUJGANJ (C.G.)

Email ID- gcranahat2023@gmail.com

क्रमांक 11 / अति. व्या./ 2023 रनहत, दिनांक –12/07/2023

//अतिथि व्याख्याता हेतु विज्ञापन//

उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 3–54/2020/38–1, दिनांक 07.07.2023 के अनुसार नवीन शासकीय महाविद्यालय रनहत विकासखण्ड – बलरामपुर जिला – बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0) के सहायक प्राध्यापक के रिक्त पद के लिए अध्यापन व्यवस्था हेतु आवेदन पत्र **'शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर, जिला बलरामपुर–रामानुजगंज छ.ग. पिन 497119'** के पते में जमा करने की अंतिम तिथि **दिनांक 20.07.2023 को सायं 05:00 बजे तक** आमंत्रित किया जाता है। चयन प्रक्रिया में निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

रिक्त पदों का विवरण

क्र.	विषय	रिक्त पद	क्र.	विषय	रिक्त पद
1	हिन्दी	01	7	वनस्पतिशास्त्र	01
2	अंग्रेजी	01	8	प्राणीशास्त्र	01
3	राजनीति विज्ञान	01	9	भौतिकशास्त्र	01
4	अर्थशास्त्र	01	10	गणित	01
5	भूगोल	01	11	वाणिज्य	02
6	रसायन	01			

यह व्यवस्था निम्न भर्ती के अधीन होगी :–

1. उपरोक्त पद हेतु शैक्षणिक योग्यता आयुक्त उच्च शिक्षा रायपुर के आदेश के अनुसार निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप प्रवीण्यता के आधार पर अभ्यर्थियों को रिक्त पदों के अध्यापन हेतु बुलाया जावेगा। मानदेय राशि 300 रू. प्रति व्याख्यान (45 मिनट) देय होगा। प्रतिदिन अधिकतम 1200 रू. तथा प्रतिमाह 31200 रू. देय होगा।
2. अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ पूर्ण विवरण सहित सादे कागज में आवेदन निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय में जमा कर सकते हैं।
3. निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।
4. अतिथि व्याख्याता की सेवाएं भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं बनेगा और न ही वे अधिमानिक बर्ताव (Preferential Treatment) के हकदार होंगे।
5. अतिथि व्याख्याता की सेवाएं भविष्य में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति अथवा स्थानांतरण से पदस्थापना की जायेगी उन विषयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से निरस्त मानी जावेगी।
6. **लिफाफे के उपर अतिथि व्याख्याता, विषय ....एवं महाविद्यालय का नाम ....अवश्य अंकित करें।**

प्राचार्य
नवीन शासकीय महाविद्यालय रनहत
जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)

पृष्ठांकन क्रमांक /अति. व्या./2023 रनहत, दिनांक –

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–3, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर (छ0ग0) को सादर सूचनार्थ।
2. अपर संचालक, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय, सरगुजा संभाग, शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ0ग0) को सादर सूचनार्थ।
3. प्राचार्य, शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामानुजगंज जिला – बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0) को सादर सूचनार्थ।
4. कार्यालय प्रति।

प्राचार्य
नवीन शासकीय महाविद्यालय रनहत
जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज (छ0ग0)